# सुदूर सीआरपीएफ बेस पर पहला मोबाइल टावर

## चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ के **नक्सल प्रभावित सुकमा ज़िले के सुदूर क्षेत्र टेकुलागुडेम गाँव में** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल **(CRPF)** शिविर के अंदर पहला **मोबाइल फोन टावर** स्थापित किया गया।

- **यह पहल मार्च 2026 तक** वामपंथी उग्रवाद **(LWE) को समाप्त करने** के केंद्र सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है।

## मुख्य बिंदु

- **BSNL मोबाइल टावर चालू:**
  - भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) **का** मोबाइल टावर इस क्षेत्र में पहली मोबाइल कनेक्टिविटी सुविधा है, जिससे **ग्रामीणों और सुरक्षाकर्मियों दोनों को लाभ होगा।**
  - यह टावर टेकुलागुडेम और आसपास के गाँवों, जिनमें तिम्मापुरम, जोनागुडा और पुवर्ती शामिल हैं, को सेवा प्रदान करेगा।
    - **यह गाँव सुकमा ज़िले में है, जो नक्सल हिंसा** से बुरी तरह प्रभावित है और बस्तर क्षेत्र के बीजापुर से इसकी सीमा लगती है।
- **ग्रामीणों के लिये विशेष पहल:**
  - टावर को चालू करने के लिये बीएसएनएल के अधिकारी सुकमा मुख्यालय और रायपुर से आए।
  - **स्थानीय आबादी के लिये सिम कार्ड वितरित करने और सक्रिय करने के लिये** एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

- **प्रारंभ और विकास:**
  - CRPF की स्थापना वर्ष 1939 में रियासतों में राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति के जवाब में **क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में की गई थी।**
  - वर्ष 1949 में इस बल का **नाम बदलकर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल कर दिया गया।**
  - **तत्कालीन गृह मंत्री** सरदार वल्लभ भाई पटेल **ने** CRPF के लिये एक बहुमुखी भूमिका की कल्पना की थी तथा इसके कार्यों को नव स्वतंत्र राष्ट्र की उभरती जरूरतों के साथ संरेखित किया था।
- **विशेष इकाइयाँ:**
  - CRPF में कई विशेष इकाइयाँ हैं, जिनमें **रैपिड एक्शन फोर्स (RAF)**, **कमांडो बटालियन फॉर रिज़ोल्यूट एक्शन (कोबरा), वीआईपी सुरक्षा विंग और महिला बटालियन शामिल हैं।**
- **उपलब्धियाँ और योगदान:**
  - CRPF ने महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय स्थलों पर हमलों को विफल किया है, **पंजाब और त्रिपुरा में उग्रवाद को नियंत्रित किया है तथा नक्सलवाद के उन्मूलन** में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।
- **बहादुरों का सम्मान:**
  - CRPF ने भारी कीमत चुकाई है, जिसके 2,255 **जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया और उन्हें जॉर्ज क्रॉस,** अशोक चक्र, कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र **आदि** सहित अलंकरणों से सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-mobile-tower-at-remote-crpf-base